निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता (एलएससीएम)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उत्तरदायित्व:

1. दवाओं के विनिर्माण सप्लायर अन्य कार्यक्रम लॉजिस्टिक्स के अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/क्षेत्रीय डाटाबेस का रखरखाव और अध्ययन ।
2. राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण के लिए दस्तावेज तैयार करना जिसमें/राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोलियां, मामला दर मामला आधार पर प्रत्यक्ष शॉपिंग या प्रत्यक्ष खरीद शामिल है।
3. प्रापण पूर्व और प्रापण पश्चात् गुणवत्ता का मूल्यांकन करने में केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग की सहायता करना।
4. राष्ट्रीय प्रापण पर रिपोर्ट तैयार करना ।
5. राज्यों/जिलों से मिलने वाली प्रापण की आवधिक रिपोर्टों का पता लगाना और इनकी समीक्षा करना तथा प्रतिपुष्टि प्रदान करना ।
6. राज्य/जिले की वार्षिक कार्य योजनाओं के आधार पर राज्य/जिला स्तरीय प्रापणों की निगरानी और मूल्यांकन।
7. वारंटी अवधि के दौरान उपस्कर के निवारक रखरखाव में विनिर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं के निष्पादन की निगरानी करना और अनुपालन नहीं करने पर संबंधित प्रक्रिया शुरू करना।
8. उपस्कर के निवारक रखरखाव हेतु एजेंसियों की संविदाओं को समय पर प्रारंभ करने/नवीनीकृत करने के लिए राज्यों की निगरानी करना।
9. एससी प्रबंधक के सहयोग में प्रत्येक स्टॉकिंग बिंदु पर भंडारों की निगरानी करते हुए इनकी मियाद अवधि रहते राज्यों/जिलों द्वारा समय पर कार्रवाई करवाना सुनिश्चित करना।
10. एससी प्रबंध के सहयोग में पीएसएम के लिए राज्य के कार्यक्रम प्रबंधकों और राज्य के नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षित करना।
11. राज्य/जिले के स्टोरों पर पर्यवेक्षी दौरे करना।
12. संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि, इनके सत्यापन और जन स्वास्थ्य के कार्यों के लिए इनके प्रयोग हेतु आईसीटी और निक्षय टूल्स के प्रयोग के संदर्भ में आवश्यक परिवर्तन व्यवस्थित करना।
13. सीटीडी द्वारा जो भी और जब भी दिया गया कोई अन्य तत्संगत कार्य

अनिवार्य योग्यता/अपेक्षाएं:

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक साथ ही आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में एमबीए या स्नाकोत्तर डिप्लोमो। दवाओं और अन्य वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंध में 5 - 7 वर्ष का अनुभव।

अधिमान योग्यता/कौशल:

राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर किसी अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम में अनुभव को वरियता दी जाएगी।
कंप्यूटर का कार्यक्षमता ज्ञान

रिपोर्टिंग अधिकारी:

एडीडीजी-टीबी - वरिष्ठ परामर्शदाता (एलसीएम) का समग्र प्रभारी होंगे।

आयु:

अधिकतम 65 वर्ष और व्यापक रूप से यात्रा करने हेतु तैयार रहना।

परिश्रमिक:

परिश्रमिक सीमा: 1,00,000/-रू. से 1,55,000/-रू. प्रतिमाह तक।

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **22-Jul-2020** तक केवल recruitments.ctb@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।